दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# मारुति के नकली स्पेयर पार्ट्स बेच रहे 4 पर केस दर्ज

## Faridabad News - पुलिस ने मारुति सुजुकी कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर स्पेयर पार्ट्स की दुकान करने वाले चार दुकानदारों के खिलाफ...



Palwal News maruti39s fake spare parts are sold at 4 cases

Jul 26, 2019, 09:20 AM IST

पुलिस ने मारुति सुजुकी कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर स्पेयर पार्ट्स की दुकान करने वाले चार दुकानदारों के खिलाफ कंपनी का नकली सामान बेचने पर कॉपीराइट एक्ट के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच अधिकारी एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि ऑपरेशन थ्री सी वन कंसलटेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कालकाजी नई दिल्ली स्थित कंपनी के मैनेजर हरीराम ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि हमें सूत्रों से पता चला कि होडल के बावरी मोड़ स्थित ओम माटर्स, श्रीबालाजी मोटर्स, दिल्ली-मथुरा रोड स्थित एनके मोटर्स व राधे टायर जोन मारुति सुजुकी का नकली सामान बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब हमने वहां छापामारी की तो हमें काफी सामान ऐसे मिले जो कि नकली थे। पुलिस ने मैनेजर के बयान पर चारों दुकानदार मुकेश, गौरव, अशोक व श्याम सुंदर के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर नकली सामान को जब्त कर लिया है।

Source:
https://www.bhaskar.com/harayana/faridabad/news/maruti39s-fake-spare-parts-are-sold-at-4-cases-092005-5097076.html